सुविचार

जीवन आईना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।

ओशो

कुल पृष्ठ 20+8=28 | मूल्य ₹ 2.50

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अख़बार

# दैनिक भास्कर

बिहार

dainikbhaskar.com | पटना | शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2015, वैशाख कृष्ण पक्ष-6, 2072

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 28885.21 ↑ | |
| पिछला | 28707.75 | |
| सोना | 26,850.00 ↓ | |
| पिछला | 27,050.00 | |
| चांदी | 36,800.00 ↓ | |
| पिछला | 38,000.00 | |
| डॉलर | 62.24 | |
| पिछला | 62.24 | |
| यूरो | 67.01 ↓ | |
| पिछला | 67.54 | |


## पहले गुड न्यूज

### टाटा स्काई का 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च

**मुंबई**| टाटा स्काई ने 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च किया है। इससे एक दिन के लिए टाटा स्काई की सर्विस ली जा सकेगी। यह डीटीएच रिचार्ज का सबसे छोटा कूपन है। ऑफर में डीएक्टिवेटेड कस्टमर्स भी शामिल हैं।

**IPL-8 : नतीजा**

### चेन्नई ने दिल्ली को एक रन से हराया



**मैच विनर** नेहरा 3 विकेट

आज का मैच

किंग्स इलेवन Vs राजस्थान रॉयल्स (रात 8.00 बजे से)




## न्यूज इनबॉक्स

### पटना के नवीन सिन्हा छग हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस

**पटना**| जस्टिस नवीन सिन्हा को गुरुवार को छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है। वे पटना के रहने वाले हैं। कुछ माह पहले पटना हाइकोर्ट में वरीय जज के रूप में कार्यरत सिन्हा का तबादला छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट में हुआ था।



### 1,000 रु. न्यूनतम मासिक पेंशन योजना स्थगित

**नई दिल्ली**| ईपीएफओ ने 1,000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन योजना इस महीने से स्थगित कर दी है। फैसले से करीब 32 लाख पेंशनर प्रभावित होंगे। अब पुरानी दर से पेंशन मिलेगी। 8 माह पहले पेंशन एक हजार की गई थी।

### बीएसएफ को मिले दो एम आई-17 हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली**|बीएसएफ को दो अत्याधुनिक एम आई-17 हेलीकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को इस तरह के 6 और हेलीकॉप्टर दिए जाएंगे। साथ ही सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

### लिफ्ट में 5 मिनट तक फंसे रहे गृहमंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली**| गृहमंत्री राजनाथ सिंह लिफ्ट में फंस गए। वे शौर्य दिवस के मौके पर सीआरपीएफ हेडऑफिस में एक कार्यक्रम में आए थे। 5 मिनट के बाद उन्हें लिफ्ट की छत के रास्ते निकाला गया। लिफ्ट की क्षमता 3 लोगों की ही थी। जबकि उसमें 4 सवार थे।

### 5 साल से लापता बिहार के आईएएस की सेवा समाप्त

**नई दिल्ली**| पांच वर्ष से लापता बिहार निवासी आईएएस प्रशांत की सेवा समाप्त मान ली गई है। 1988 बैच के प. बंगाल कैडर के आईएएस प्रशांत को 2009 में अमेरिका भेजा गया था। उन्हें 2010 में लौटना था। पर अब तक उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसलिए उनकी सेवा समाप्त मान ली गई है। पढ़िए पेज 18 भी



## पटना एयरपोर्ट के विकल्प को लेकर केंद्र व राज्य सरकार आमने-सामने

**पटना एयरपोर्ट की नई जगह कहां हो, अब इस पर सियासी जंग शुरू है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार आमने-सामने है। केंद्र चाहता है कि एयरपोर्ट सारण जिले के डोरीगंज, नयागांव-दिघवारा या आसपास के दियारा इलाके में बने। जबकि राज्य सरकार कह रही है कि बिहटा और सिलाव में तो एयरपोर्ट के लिए जमीन तक तलाश ली गई है। देखने वाली बात होगी कि होता क्या है?**

### रूडी बोले-नयागांव या दियारा में बने एयरपोर्ट



**पटना** | पटना हवाई अड्डे के विकल्प की तलाश तेज हो गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली की अध्यक्षता में इसी मुद्दे पर बैठक हुई। इसमें केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री राजीव प्रताप रूडी ने एक विस्तृत कार्य योजना पेश की। इसमें नयागांव-दिघवारा या दियारा में नया एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव है। रूडी ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि अगर राज्य सरकार सहयोग नहीं देती है तो बिहटा या गया एयरपोर्ट को यात्रियों के लिए खोला जा सकता है। जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा इतना छोटा है कि चाहकर भी इसका विस्तार नहीं हो सकता है। शेष पेज|12 पर



**पटना एयरपोर्ट का हाल**

- पटना एयरपोर्ट का रनवे छोटा होने से एयरबस 320 व बोइंग 737 ही ऑपरेट करते हैं।
- बड़े आकार के विमानों का परिचालन नहीं हो पाता है।
- देश के 11 हवाई अड्डों में पटना एयरपोर्ट को डीजीसीए ने खतरनाक घोषित किया है।
- सचिवालय टावर व आसपास के मोबाइल टावर खतरनाक।

### विजय बोले-बिहटा या सिलाव में हो एयरपोर्ट



**पटना** | जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि नए एयरपोर्ट के लिए बिहटा और सिलाव में जमीन चिह्नित है। एयरपोर्ट ऑथोरिटी के अधिकारी दोनों स्थलों का निरीक्षण भी कर चुके हैं। सरकार के पास इन दोनों जगहों के पास जमीन उपलब्ध है। इन दोनों जगहों में कौन सी भूमि ज्यादा बेहतर होगी, इसके लिए एयरपोर्ट ऑथोरिटी के अधिकारी का अंतिम दौरा प्रस्तावित है। केंद्रीय उड्डयन मंत्री अशोक जगपति राजू के साथ हुई बैठक में मैं उक्त सभी बातों की जानकारी दे चुका हूं। ऐसे में अब नये सिरे से कहीं और एयरपोर्ट के प्रस्ताव का औचित्य नहीं बनता है। शेष पेज|12 पर

### इधर 14 वें वित्त आयोग से नुकसान पर आज दिल्ली में बैठक

14वें वित्त आयोग की सिफारिश से बिहार को होने वाले नुकसान के मसले पर शुक्रवार को दिल्ली में बैठक होगी। नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया द्वारा बुलाई गई इस बैठक में बिहार के मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह तथा मुख्यमंत्री के सचिव चंचल कुमार भाग लेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री से मिलकर 14 वें वित्त आयोग की सिफारिशों से बिहार को होने वाले भारी नुकसान के बारे में बताया था। नीतीश, केंद्रीय वित्त मंत्री को भी सबकुछ बता चुके हैं। नीतीश के अनुसार पांच वर्षों में बिहार को 50 हजार करोड़ का नुकसान होगा। वे इसकी भरपाई की मांग पुरजोर तरीके से उठाए हुए हैं।

## सीएम ने कहा- बिहार के विकास की प्रतीक हैं साइकिल चलाती बेटियां

# उच्च जाति के गरीब छात्रों को भी मिलेगी छात्रवृत्ति : नीतीश

**मिथिला के विकास के बिना बिहार और बिहार के बिना देश का विकास असंभव**

**पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना/मधुबनी**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सवर्ण आयोग की रिपोर्ट आने पर उच्च जाति के गरीब छात्रों को भी छात्रवृत्ति दी जाएगी। वे गुरुवार को मधुबनी में मसोमात शशिमणि चौधराईन उच्च विद्यालय के हीरक जयंती सह दो दिवसीय मिथिला विभूति पर्व समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नए सिरे से इस विद्यालय व्यवस्थित करने के लिए अफसरों से प्रस्ताव मांगा है।

बोले-साइकिल चलाती लड़कियां बिहार के विकास की प्रतीक हैं। यही मानव विकास है। इससे बड़ा विकास और क्या हो सकता है? सबसे बड़ी ताकत शिक्षा है। उनके अनुसार हम मिशन मानव विकास पर काम कर रहे हैं। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण, कुपोषण आदि से संबंधित योजनाएं समाहित हैं। बिहार में 1000 पुरुष पर 917 महिलाएं हैं। स्त्री-पुरुष का बिगड़ रहा अनुपात सृष्टि में असंतुलन लाएगा। दोनों की आबादी बराबर होनी चाहिए। शेष पेज|12 पर

**सरकार को सवर्ण आयोग की रिपोर्ट का इंतजार**



मधुबनी के शशिमणि चौधराईन हाई स्कूल में आयोजित मिथिला विभूति पर्व समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

### स्कूल स्तर पर अभी छात्राओं को मिलते हैं रुपए

- कक्षा एक से 10 तक की करीब सवा करोड़ छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलती है।
- कक्षा एक से चार तक 600, पांच-छह तक 1200, कक्षा सात से दस तक 1800 रुपए सालाना।
- प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास करने वाली छात्राओं को 10000 प्रोत्साहन राशि, सेकेंड डिविजन को 8 हजार।
- फर्स्ट डिविजन से इंटर पास करने वाली छात्राओं को 15 हजार, सेकेंड डिविजन को 10 हजार।
- एससी/एसटी तथा अल्पसंख्यक छात्रों को भी मैट्रिक व इंटर में इतनी ही राशि मिलती है।

### बिहार के विकास के लिए विशेष दर्जा जरूरी

मुख्यमंत्री के अनुसार हम बिहार के विकास के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांग रहे हैं। 14वें वित्त आयोग द्वारा एक तरफ तो राशि में वृद्धि की बात कही जा रही है, तो दूसरी तरफ मनरेगा, इंदिरा आवास आदि योजनाओं में केन्द्र सरकार द्वारा राशि में कटौती की जा रही है।

### 5 वर्ष में 1 करोड़ लोगों को हुनरमंद बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाल में भ्रूण हत्या और बाल विवाह बंद होनी चाहिए। अगर बेटियां पढ़ लेंगी, तो पूरे परिवार को पढ़ा देंगी। शिक्षित लड़कियां बढ़ती आबादी को भी नियंत्रित करेंगी। उन्होंने इसे उदाहरण से समझाया। सीएम ने ऐलान किया कि सरकार पांच वर्ष में एक करोड़ लोगों को हुनरमंद बनाने की दिशा में काम कर रही है।

**सत्यम घोटाला | सभी 10 आरोपी दोषी**

# राजू को 7 साल जेल 5.5 करोड़ जुर्माना

- निवेशकों के 14 हजार करोड़ रुपए डूबे थे तब
- राजू ने खुद गड़बड़ी का खुलासा किया था

**एजेंसी|हैदराबाद**

कार्पोरेट जगत को हिलाकर रख देने वाले 14 हजार करोड़ रु. के सत्यम घोटाले में छह साल बाद फैसला आ ही गया। कंपनी के तबके मालिक बी. रामालिंगा राजू को 7 साल जेल की सजा हुई है। साथ ही 5.5 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। राजू के भाई बी. रामा राजू समेत बाकी नौ आरोपियों को भी 7-7 साल की सजा दी गई है। जुर्माने की रकम 25 लाख रुपए तक है।

यह देश का सबसे बड़ा अकाउंटिंग घोटाला था। कॉरपोरेट जगत को हिला देने वाले इस घोटाले का खुलासा खुद रामालिंगा राजू ने 7 जनवरी 2009 को किया था। सेबी को पत्र लिखकर अकाउंट्स में छेड़छाड़ कर फायदा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की बात कबूली थी। खाते में 7,000 करोड़ की गड़बड़ी की गई थी। खुलासे के दो दिन बाद ही राजू और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया था। फैसले के वक्त सभी आरोपी कोर्ट में थे। शेष पेज|12 पर



**अब भी ठाठ बाकी :** फैसले से पहले कोर्ट पहुंचे राजू। कार का दरवाजा खोलने के लिए दो लोग मौजूद थे।

**कॉर्पोरेट जगत में बेईमानी का दूसरा बड़ा मामला**

- **राजू और उनके भाई धारा 409 (विश्वासघात), 120-बी (साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के साथ अन्य धाराओं में दोषी।**

**23 साल पहले हर्षद मेहता केस :** मेहता ने 1992 में जनवरी से अप्रैल के बीच 90 कंपनियों के 28 लाख शेयर खरीदे। फिर बेच दिए। बाजार का 1 लाख करोड़ डूब गया। मेहता पर 27 केस चले। एक में दोषी ठहराए गए। 2001 में हिरासत में ही मौत हो गई।

**राजू दो महीने के भीतर हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दे सकते हैं। वहां भी उनके खिलाफ फैसला हुआ तो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।**

## चार ही जिले में असर, काम पर नहीं लौटे तो कार्रवाई : सरकार

# शिक्षकों का दावा, हड़ताल से 80 फीसदी स्कूलों में ठप रही पढ़ाई

**एजुकेशन रिपोर्टर | पटना**

हड़ताली नियोजित शिक्षक और सरकार दोनों अपने-अपने रुख पर अड़े हैं। शिक्षकों ने जहां मांगें पूरी होने तक काम ठप रखने का ऐलान किया, वहीं राज्य सरकार ने हड़ताल में शामिल शिक्षकों पर कार्रवाई की बात कही है।

गुरुवार को शिक्षकों द्वारा स्कूलों में तालाबंदी किए जाने और हड़ताल पर रहने को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। विभाग ने कहा कि मुख्यतः तीन जिले सीतामढ़ी, समस्तीपुर और मोतिहारी में हड़ताल अधिक प्रभावी रहा है। शिक्षक अगर हड़ताल जारी रखेंगे तो उन पर कार्रवाई होगी।

### अन्य संगठन भी साथ

दूसरी ओर, बिहार प्रारंभिक नगर-पंचायत शिक्षक संघ के महासचिव केशव कुमार ने दावा किया है कि गुरुवार को राज्यभर के 80 फीसदी स्कूलों में पढ़ाई नहीं हुई। वेतनमान को लेकर सम्मानपूर्वक वार्ता सरकार नहीं करती है तो हड़ताल आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने दावा किया कि कई अन्य शिक्षक संगठनों ने भी हड़ताल का समर्थन किया है। -पढ़िए पेज 6 भी

**शिक्षा विभाग की दलील**

### वार्ता शिक्षक संगठनों के कारण नहीं हो पाई

शिक्षा विभाग का कहना है कि कई शिक्षक संगठनों ने माना है कि सरकार से वार्ता शिक्षक प्रतिनिधियों के हंगामे के कारण नहीं हुई है। वे लोग हड़ताल के समर्थन में नहीं हैं। गौरतलब है कि वेतनमान सहित कई मांगों को लेकर शिक्षक संघों और शिक्षा मंत्री के बीच बुधवार को वार्ता होनी थी जो हंगामे के कारण नहीं हो पाई थी।

### रोमिंग पर कॉल 23% तक और एसएमएस 75% तक होगा सस्ता

**नई दिल्ली** | दूरसंचार नियामक ट्राई ने मोबाइल कंपनियों के लिए अधिकतम दर की सीमा घटा दी है। इससे रोमिंग पर कॉल करना अब 23% तक सस्ता हो जाएगा। इसी तरह लोकल एसएमएस भेजना भी 75% तक सस्ता होगा। इसके लिए सिर्फ 25 पैसे लगेंगे। एक रुपया नहीं। नई दरें एक मई से लागू होंगी।

ट्राई ने लोकल कॉल की अधिकतम दर 1 रुपए प्रति मिनट से घटाकर 80 पैसे प्रति मिनट की है। एसटीडी कॉल की अधिकतम दर 1.5 रुपए से घटाकर 1.15 रुपए प्रति मिनट तय की है। ट्राई ने पहले लोकल कॉल्स के लिए 65 पैसे और एसटीडी के लिए एक रुपया अधिकतम दर का प्रस्ताव दिया था। शेष पेज|12 पर

## मंगला आरती तक रात रही गुलाम...



**वाराणसी**| बीते 91 साल के सफर में पहली बार बनारस के संकटमोचन मंदिर के संगीत समारोह में कोई पाकिस्तानी फनकार आया। बनारस की रवायत-ओ-तहजीब गुलाम अली को खींच लाई। बुधवार से शुरू हुए 92वें समारोह में उन्हें मंच पर आते-आते रात के एक बज गए। पर लोग मंदिर के आंगन से टस से मस न हुए। जब तक सुरों का सफर चला, उनके हमसफर बने रहे। शुरुआत में गुलाम अली ने ठुमरी सुनाई, 'तेरे बिना लागे न जिया...।' फिर सिलसिला चला गजलों का। आखिर में, सुनने और सुनाने वाले तभी उठे, जब गुरुवार तड़के मंगला आरती का वक्त हो गया।

**भास्कर ख़ास** | देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टरों ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका


# सीने में छोटा सा छेद किया, और बदल दिया वॉल्व

**समीर राजपूत |अहमदाबाद**

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसीजर इस्तेमाल में लाया जाता है। टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। लेकिन इसमे कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकेज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। पर अहमदाबाद के डॉक्टरों ने टीवीएआर प्रोसीजर में थोड़ा बदलाव करके वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

### 82 साल के मरीज को मिली नई जिंदगी

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. धीरेन शाह के मुताबिक, इस केस में 82 साल के मरीज का वॉल्व बदलना था। उसके दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज था। इसलिए जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों से आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचा सकते थे। मरीज के फेफड़े-गुर्दे भी कमजोर थे। लिहाजा, ओपन हॉर्ट सर्जरी में भी जोखिम था। इसलिए ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसीजर बदलते हुए मरीज के सीने पर उस जगह दो सेंटीमीटर का छेद किया, जहां दिल का ऊपरी हिस्सा (अयोटा) होता है। इसी के जरिए शरीर में ब्लड सप्लाई होता है। अयोटा से ट्रांसकैथेटर को गुजारकर वॉल्व को दिल तक पहुंचाया। फिर बैलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। देश में पहली बार इस तरीके से वॉल्व बदला गया है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल खराब वॉल्व बदलने के लिए होती हैं।




> बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ही ऊपरी हिस्से से वॉल्व बदलने का देश में यह पहला मामला है।
> **-डॉ. समीर दाणी,** कार्डियोलॉजिस्ट,अपोलो, गांधीनगर

> इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाईयां।
> **-डॉ. अतुल माथुर,** कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली

# चीन ने उठाया वार्ता से पहले अरुणाचल मुद्दा

**कहा : बड़ा विवाद है यह और अकाट्य तथ्य**

**एजेंसी|बीजिंग**

चीन ने भारत के साथ बातचीत शुरू होने के एक दिन पहले गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश का मुद्दा उठा दिया। कहा कि भारत के साथ उसका यह बड़ा विवाद है। और यह अकाट्य तथ्य है।

दोनों देशों के रक्षा अधिकारी शुक्रवार को सालाना रक्षा बातचीत (एडीडी) करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने चीन का दौरा करने वाले हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हू चुनयिंग ने कहा, 'चीन मोदी के इस विचार से सहमत है कि सीमा विवाद हल करना होगा। इसके लिए दोनों देशों को अनुकूल माहौल बनाना चाहिए।'

**यह है विवाद :** अरुणाचल प्रदेश की 1,126 किमी सीमा चीन से और 520 किलोमीटर लंबी सीमा म्यांमार से लगी है। चीन इस राज्य को दक्षिणी तिब्बत बताकर अपना दावा करता रहा है। उसका इस बारे में शुरू से ही तल्ख रवैया रहा है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे का भी कड़ा विरोध किया था।

वर्ष 2 | अंक 79 | दैनिक भास्कर समूह | 14 राज्य | 58 संस्करण | •दैनिक भास्कर बिहार | मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | राजस्थान | नई दिल्ली | पंजाब | चंडीगढ़ | हरियाणा | हिमाचल प्रदेश | उत्तराखंड | झारखंड | जम्मू-कश्मीर | •दिव्य ભાસ્કર ગુજરાત | महाराष्ट्र •दैनिक दिव्य मराठी महाराष्ट्र •dna गुजरात | राजस्थान • 94.3 MY FM 7 राज्य | 17 स्टेशन